रोहतक
सोमवार 30 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 54
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 36.7
न्यून. 17.7



# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## ट्रंप के खिलाफ 'नो किंग्स रैली' 80 लाख लोग सड़कों पर उतरे



**3300** जगह प्रदर्शन ईरान जंग और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं।



### खबर संक्षेप

#### हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और लाहौल एवं स्पीति जिलों के ऊंचे इलाकों में रविवार को एक बार फिर बर्फबारी हुई, जबकि मध्य और निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। शिमला मौसम विभाग ने मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों के कुछ स्थानों पर सोमवार के लिए ओलावृष्टि, बिजली गिरने और 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की 'ऑरेंज' चेतावनी जारी की है। राज्य में चार अप्रैल तक बारिश का दौर जारी रहने का भी पूर्वानुमान जताया गया है। *एजेंसी*

#### नेपाल सरकार ने लगाई छात्र राजनीति पर रोक

**काठमांडू।** नेपाल में प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने छात्र राजनीति पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इसके साथ ही कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए पारंपरिक परीक्षाएं भी खत्म कर दी गई हैं और स्कूलों-कॉलेजों को अपने विदेशी नाम बदलकर नेपाली में रखने का आदेश दिया गया है। सरकार ने शनिवार रात को जारी आदेश में कहा कि यह सभी फैसले अपने 100 दिन के एक्शन प्लान के तहत लिए हैं, जिसका मकसद शिक्षा को राजनीति से दूर रखना और इसे बेहतर बनाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब स्कूल और कॉलेजों में किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी। *एजेंसी*

## जंग को लेकर पाकिस्तान में चार देशों की बैठक, क्षेत्रीय हालात पर की चर्चा

# शांति वार्ता के बीच बड़े आक्रमण की तैयारी

### अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में भेजे 3500 सैनिक

■ ईरान की चेतावनी, हमारे सैनिक इंतजार में हैं, जलाकर राख कर देंगे

*पाकिस्तान इस बैठक को होस्ट कर रहा है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की है। इसके साथ ही इशाक डार तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे।*

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

ईरान जंग को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। पाकिस्तान ने इस बैठक को होस्ट किया। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की। इसके साथ ही इशाक डार तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी कीं। पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश भी कर चुका है। उसने ईरान को 15 सूत्रीय अमेरिकी प्रस्ताव भी सौंपा है। इसमें ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करना, मिसाइल कार्यक्रम घटाना, क्षेत्रीय प्रॉक्सी ग्रुप्स से समर्थन रोकना और सैंक्शन्स में राहत जैसे मुद्दे शामिल हैं। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। दूसरी ओर अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और बढ़ा दी है। अमेरिकी वॉरशिप यूएसएस त्रिपोली करीब 3,500 सैनिकों (मरीन और नेवी) के साथ इस इलाके में पहुंच गया है। *(पैकेज पेज-8 पर)*

#### संघर्ष को कम करने पर किया मंथन

ईरान जंग को लेकर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मिस्र, सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच बैठक हुई। दिनभर चली इस बैठक में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को कम करने और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से अलग से मुलाकात की। इस दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और आईएसआई प्रमुख भी मौजूद रहे। बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी होने की उम्मीद है, जिसमें आगे की रणनीति को लेकर जानकारी दी जा सकती है।



#### ईरान का जॉर्डन में यूएस एयरबेस पर ड्रोन हमला

दूसरी ओर ईरान ने कहा है कि उसने जॉर्डन में अमेरिकी सेना के एक एयरबेस को ड्रोन से निशाना बनाया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, अजराक में मुवाफ्फाक साल्ती एयरबेस पर यह हमला किया गया, जो अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए अहम माना जाता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में बेस के रिहायशी हिस्सों और सैन्य उपकरणों को टारगेट किया गया। ईरान ने इसे अपने खिलाफ हो रहे हमलों के जवाब में की गई कार्रवाई बताया है। हालांकि, इस हमले में हुए नुकसान या किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

#### इजराइल के केमिकल प्लांट पर ईरान ने दागी मिसाइल

ईरान ने दक्षिणी इजराइल में अडामा कंपनी के एक केमिकल प्लांट पर मिसाइल हमला किया है, जिससे प्लांट में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में जहरीले रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। हमला नियोत होवाव इंडस्ट्रियल जोन में हुआ, जो बीयरशेवा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है। हमले के बाद अधिकारियों ने आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी है, क्योंकि प्लांट में खतरनाक रसायन मौजूद हैं।

#### यूएई ने ईरान के 42 ड्रोन और 16 मिसाइलें मार गिराईं

यूएई ने कहा है कि उसने ईरान से दागे गए 42 ड्रोन और 16 बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान अब तक यूएई पर 414 बैलिस्टिक मिसाइल, 15 क्रूज मिसाइल और 1,900 से ज्यादा ड्रोन दाग चुका है। अधिकारियों ने बताया कि देश की एयर डिफेंस सिस्टम लगातार हमलों को नाकाम कर रही है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

#### हरियाणा समेत 21 में पेट्रोल पंपों पर भी मिलेगा केरोसिन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** होर्मुज संकट और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण एलपीजी सप्लाई पर दबाव बढ़ने के बीच सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने केरोसिन यानी मिट्टी के तेल की सप्लाई तेज करने के लिए पेट्रोलियम नियमों में ढील दी है। इसका मकसद है कि लोगों को खाना बनाने और रोशनी के लिए परेशानी न हो और तुरंत वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराया जा सके। सरकार ने कहा कि पेट्रोलियम सुरक्षा और लाइसेंस से जुड़े नियम आसान किए गए हैं, ताकि केरोसिन की तेजी से सप्लाई हो सके। यह व्यवस्था दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात समेत 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की गई है। इसके तहत पेट्रोल पंपों को भी केरोसिन स्टोर और बेचने की अनुमति दी गई है। यह फैसला अस्थायी तौर पर 60 दिनों के लिए लागू रहेगा।

## मोरनी हिल्स में स्कूल बस के ब्रेक फेल, बड़ा हादसा टला

### पचास बच्चे सवार थे, चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को पहाड़ से टकराकर खाई में गिरने से बचाया

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंचकूला के पहाड़ी क्षेत्र में मोरनी हिल्स घूमने आए बच्चों की एक स्कूल बस रविवार की सुबह करीब 10 बजे हादसे का शिकार हो गई। बस में महेंद्रगढ़ और नारनौल से आए करीब 50 बच्चे मोरनी से पिंजौर लौट रहे थे, तभी रास्ते में बस अनियंत्रित होकर पहाड़ से टकरा गई। हादसे में 20 बच्चे मामूली रूप से हुए घायल हुए हैं। बच्चे एडवेंचर गतिविधियों के बाद वापस लौट रहे थे। चालक की सूझबूझ से बच्चों की जान बच गई। जानकारी मुताबिक, बस के ब्रेक अचानक फेल हो गए थे, इसके कारण बस अनियंत्रित हो गई। हालात बेहद खतरनाक बन गए, क्योंकि रास्ता पहाड़ी और संकरा था, जहां से चूक बड़ा हादसा बन सकती थी। जानकारी अनुसार मुश्किल हालात में बस चालक नरेंद्र पाल ने हिम्मत और समझदारी दिखाते हुए बड़ा फैसला लिया। उन्होंने बस को खाई की ओर जाने से बचा लिया।

*»महेंद्रगढ़ और नारनौल के बच्चे एडवेंचर गतिविधि के बाद लौट रहे थे वापस, 20 घायल*

#### बच्चों को सतर्क रहने को कहा

चालक ने बेहद ही समझदारी से बच्चों को ठीक पहले सतर्क रहने के लिए कहा था, उन्होंने बच्चों से कहा कि वे सीट या खिड़की को मजबूती से पकड़ लें, ताकि झटका लगने पर खुद को संभाल सकें। बस के ब्रेक फेल होने के बाद ड्राइवर नरेंद्र पाल ने बस को धीमी गति से खाई की तरफ न ले जाकर पहाड़ की तरफ मोड़ दिया और जिससे बस धीमी गति से पहाड़ में टकरा गई।




# भाजपा में गरीब घर का कार्यकर्ता भी बन सकता है नेता : कैप्टन अभिमन्यु

■ राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस विधायक दल के नेता हुड्डा पर कटाक्ष, बोले-नाम किसी का, काम किसी का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी में ही गरीब से गरीब घर का कार्यकर्ता किसी भी ऊंचे पद पर जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस या अन्य पार्टियों में ऐसा कभी नहीं होता। कैप्टन अभिमन्यु रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं का संगठन है जो कि एक सिस्टम से चलता है। कोई भी छोटा सा कार्यकर्ता किसी भी बड़े पद पर जाकर बैठ सकता है। ऐसे काफी उदाहरण देश की जनता के सामने है। बाकी पार्टियों में परिवारवाद का बोलबाला है।

■ कांग्रेस व अन्य पार्टियों में परिवारवाद का बोलबाला



**नारनौंद।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र के प्रति समर्पित है, वह राष्ट्र को पूर्ण राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर काम कर रहा है। देश में हर जहां विकास हो रहा है।

## कांग्रेस में बड़ा खेल खेला गया एक गिरोह काम कर रहा

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आजकल अलग ही राग चल रहा हैं कि राज्यसभा चुनाव में जिन विधायकों को क्रॉस वोटिंग के लिए नोटिस दिया है वो कह रहे कि हम पार्टी के वफादार हैं। चार विधायकों के वोट कैंसिल हो गए, ये बड़ा खेल खेला गया है। यहां पर एक बड़ा गिरोह काम कर रहा हैं। सीएलपी लीडर ने दावा किया था हमें चुनाव में 39 वोट मिलेंगे लेकिन वो 28 ही रह गए। जो वोट इधर उधर गए हैं, जनता सब जानती हैं कि असली शतरंज के मोहरे कौन है। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, धर्मवीर गुराना, अमित मोर सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीएलएफ लिटराटी स्प्रिंग फेस्ट में शब्दों विचारों और सांस्कृतिक संवाद का जश्न

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) द्वारा आयोजित सीएलएफ लिटराटी 2026 का स्पिंग एडिशन के सेक्टर 17 स्थित हयात में खचाखच भरे श्रोताओं और दर्शकों के सामने शुरू हुआ। इस साहित्यिक उत्सव में विचारों, रचनात्मकता और संवाद का एक जीवंत संगम देखने को मिला। उद्घाटन भाषण देते हुए चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी और फेस्टिवल डायरेक्टर व संस्थापक चेयरपर्सन डॉ. सुमिता मिश्रा ने साहित्य की शाश्वत शक्ति पर प्रकाश डालते हुए, पूरे दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। महोत्सव का एक मुख्य आकर्षण सत्र द चेंजिंग फेस ऑफ लीडरशिप, विद स्मृति ईरानी रहा।



## चुनौतियों पर राय रखी

एक और दिलचस्प सत्र था ए वर्ल्ड एड्रिफ्ट जिसमें स्थानीय सांसद मनीष तिवारी ने वरिष्ठ पत्रकार मनराज ग्रेवाल शर्मा के साथ बातचीत की, और समकालीन वैश्विक तथा राजनीतिक चुनौतियों पर अपनी राय रखी। इस चर्चा का मुख्य केंद्र सांसद की किताब 'ए वर्ल्ड एड्रिफ्ट' थी। दूरदर्शन के स्वर्णिम दौर की मशहूर न्यूज़ एंकर शीला चमन के साथ पुरानी यादों और मीडिया के इतिहास को याद किया गया।

### मुख्यमंत्री ने गोहाना में धन्यवाद एवं विकास रैली में 113 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

# 11 वर्षों में विकास कार्यों का लाभ हर घर तक पहुंचा

**खानपुर कलां को तहसील अपग्रेड करने व बरोदा और फरमाना में सब-तहसील बनाने की घोषणा**









हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/गोहाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सोनीपत जिला की गोहाना अनाज मंडी में आयोजित गोहाना विधानसभा की धन्यवाद एवं विकास रैली में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा वासियों को सौगात देते हुए करोड़ों रुपये की घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने 113 करोड़ 62 लाख रुपये की 16 विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें लगभग 20.5 करोड़ के कार्यों का उद्घाटन तथा लगभग 92 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। उन्होंने खानपुर कलां को तहसील में अपग्रेड करने, बरोदा और फरमाना में सब-तहसील बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में विकास कार्यों का लाभ प्रदेश के हर घर तक पहुंचा।

## वादों को पूरा कर रही सरकार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे करते भी हैं। इसका प्रमाण है कि पिछले विधानसभा चुनाव में हमने अपने संकल्प पत्र में 217 में से 60 वादों को डेढ़ साल में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं 157 वादों पर काम तेज गति से चल रहा है। वहीं गोहाना हलके के विकास को गति देने के लिए साढ़े 11 साल के कार्यकाल में 97 घोषणाएं की, इनमें से 87 का काम पूरा हो चुका है। शेष पर काम चल रहा है। इन वर्षों में 1 हजार 794 करोड़ रुपये गोहाना के विकासकार्यों पर खर्च किए गए जबकि कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में मात्र 741 करोड़ रुपये खर्च किए गए। हमने हरियाणा विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया है।

## तेजी से हो रहा विकास

रैली में संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना विधानसभा के जनसमर्थन की बदौलत प्रदेश के इतिहास में पहली बार गोहाना में कमल का फूल खिला। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा,विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान, विधायक देवेंद्र कादियान, पूर्व मेयर राजीव जैन, पूर्व सांसद राम चंद्र जांगड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानीं सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और कुशासन से तंग : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी के कुशासन व भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। पंजाब सरकार केवल विज्ञापन और ड्रामेबाजी में व्यस्त है। हरियाणा में हो रहे विकास को देखकर ये लोग बौखला गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह रविवार को मोहाली के कुराली में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता और मंत्री भ्रष्टाचार के पैसों से अपनी जेब भर रहे है। कई मंत्री भ्रष्टाचार के कारण जेल तक जा चुके है। भगवंत मान सरकार के पास युवाओं के लिए कोई विजन नहीं है, इससे पंजाब की युवा शक्ति बेरोजगारी का दंश झेल रही है।

**मोहाली के कुराली में जनसभा**





## कुरुक्षेत्र में बोले- विपक्ष अफवाह फैला रहा

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई देशों के बीच चल रहे युद्ध की परिस्थितियों से अवगत करवाते हुए देश के नागरिकों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की है। हम अलग-अलग अफवाहों और झूठ पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है। ऐसे कठिन समय में भी विपक्षी पार्टियों लगातार अफवाहों और झूठ को फैला रही हैं। ऐसी कांग्रेस पार्टी के लोगों के घरों में लॉकडाउन लगा हुआ है और वो ही ऐसी अफवाहें फैला रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# अश्विनी गुप्ता की स्मृति में रक्तदान शिविर लगा

**पंचकूला।** स्वर्गीय अश्विनी गुप्ता की स्मृति में अश्विनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट, पंचकूला द्वारा रविवार को सेक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं ट्रस्ट के चेयरमैन श्री ज्ञानचंद गुप्ता, आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक प्रेम गोयल, शरमाकांत भारद्वाज, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी, प्रदेश उपाध्यक्ष बंटो कटारिया, सम्पूर्णानंद ब्रह्मचारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# मिडिल ईस्ट संकट पर केंद्र पूरी तरह सतर्क : चाहर

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आगरा जिले की फतेहपुर सीकरी से सांसद राजकुमार चाहर आज फरीदाबाद पहुंचे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। इस मौके पर जिला परिषद के डिप्टी चेयरमैन धर्म चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौधरी, हथीन मार्किट कमेटी अध्यक्ष हरजीत चौधरी व अटाली के पूर्व सरपंच राजेश चौधरी, केपी तेवतिया सहित अनेक गणमान्यजनों भी उनके साथ पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बार फिर देश के जनमानस से जुड़ते हुए विकास, आत्मनिर्भरता के मुद्दों पर बातचीत की।





For Trade Enquiry: +91 81989 74444 | :info@pushpmasale.com :www.pushpmasale.com | Shop At : PUSHP ONLINE Flipkart Flipkart Grocery blinkit JioMart RelianceSMART zepto SWIGGY instamart

रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

**सच्चे बोल**

श्मशान ऐसे लोगों की राख से भरा पड़ा है जो समझते थे कि दुनिया उनके बिना नहीं चल सकती।
- *अज्ञात*


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 सबालेंका ने जीता मियामी ओपन का खिताब

## खबर संक्षेप

### भारत में जन्मी पहली चीता 'मुखी' तीन साल की हुई



**श्योपुर।** देश की धरती पर बने चीतों के पहले घर श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी पहली मादा शावक 'मुखी' ने 29 मार्च को अपने जीवन के 3 साल पूरे कर लिए हैं। भारत में जन्मी पहली मादा चीता के रूप में मुखी अब चीता पुनर्स्थापन परियोजना की बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है। इस खास मौके पर कूनो प्रबंधन ने मुखी के एक शावक से मां बनने तक की सफल जीवन यात्रा और उसके संघर्ष की कहानी बयां करती तस्वीरें जारी की हैं। *एजेंसी*

### ममता ने कहा- मेरी जान को खतरा, साजिश की बू



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चुनावी माहौल के बीच ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाए कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है, यहां तक कि उनकी जान को भी खतरा हो सकता है। उनके इस बयान ने राज्य की सियासत को और गरमा दिया है। ममता ने अपने संबोधन में दावा किया कि राजनीतिक माहौल ऐसा बनाया जा रहा है जिससे उनके खिलाफ कोई बड़ी साजिश रची जा सके। *एजेंसी*

### 1 अप्रैल से लागू, गुरुग्राम का बजघेड़ा, हिसार का अग्रोहा क्षेत्र सबसे महंगा

# हरियाणा में नए कलेक्टर रेट जारी, 75% तक की बढ़ोतरी

*कलेक्टर रेट वह न्यूनतम मूल्य होता है, जिस पर किसी संपत्ति की रजिस्ट्री की जाती है। इन्हीं दरों के आधार पर स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन शुल्क तय किया जाता है। सरकार हर वर्ष इन दरों की समीक्षा करती है, ताकि उन्हें बाजार मूल्य के अनुरूप अपडेट किया जा सके।*

**सभी जिलों की सरकारी वेबसाइट पर नए रेट किए गए अपलोड**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राज्य के सभी जिलों में कलेक्टर रेट (सर्किल रेट) की प्रस्तावित दरें जारी कर दी गई हैं। सभी जिलों की सरकारी वेबसाइट पर इसे अपलोड किया गया है। नई दरों में आवासीय, कृषि और व्यावसायिक भूमि के रेट में 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है। पहली अप्रैल से नए कलेक्टर रेट लागू होंगे। प्रदेश की साइबर सिटी गुरुग्राम में सबसे अधिक रेट द्वारका एक्सप्रेस-वे से सटे बजघेड़ा गांव में बढ़ाए गए हैं। यहां कृषि भूमि और कॉमर्शियल के रेट में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है। नया रेट लागू होने पर यहां की कृषि भूमि का रेट 7 करोड़ 53 लाख 25 हजार रुपये प्रति एकड़ होगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि तय समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी की जाए। संपत्ति के हस्तांतरण (रजिस्ट्री) के लिए नए कलेक्टर रेट 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे और 31 मार्च 2027 तक लागू रहेंगे।

*नई दरों में आवासीय, कृषि व व्यावसायिक भूमि शामिल*

*सभी उपायुक्तों को निर्देश, तय समय पर पूरी करें प्रक्रिया*

*संशोधित दरों को लागू करने में ढिलाई नहीं बरतें*



### शिकायतों के निपटारे को लेकर सख्ती

विभाग ने प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर आम जनता से प्राप्त आपत्तियों और शिकायतों के निपटारे को लेकर सख्त रुख अपनाया है। निर्देश दिए गए हैं कि सभी आपत्तियों का समाधान 31 मार्च किया जाए। संशोधित दरों को लागू करने में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, यह भी निर्देश दिया गया है कि कलेक्टर रेट तय करने की प्रक्रिया पारदर्शी, संतुलित और बाजार दरों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी जिलों में रेट निर्धारण की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए और रजिस्ट्रेशन से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा जाए।

### गुरुग्राम में ये रहेंगे रेट

- अभी गुरुग्राम के बजघेड़ा में एक एकड़ जमीन का कलेक्टर रेट 4 करोड़ 30 लाख 30 हजार रुपये है, नया रेट लागू होने पर यहां की कृषि भूमि का रेट 7 करोड़ 53 लाख 25 हजार रुपये प्रति एकड़ होगा।
- इसके साथ लगते सराय अलावर्दी में भी कृषि भूमि का रेट 75 फीसदी बढ़ाया गया है।
- हिदायतपुर में भी रेजिडेंशियल जमीन का कलेक्टर रेट पहले 27,500 रुपये प्रति गज था, जो अब प्रस्तावित 48,125 रुपये प्रति गज कर दिया गया है।
- इसी तरह शाहपुर और सुखराली में भी रेजिडेंशियल जमीन के रेट में 75% की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है।

**हिसार में अग्रोहा सबसे महंगा**

- ओवरऑल हिसार शहर की बात करें तो शहरी रिहायशी और व्यावसायिक सेक्टरों में औसतन 15% की वृद्धि देखी जा रही है।
- ग्रामीण इलाकों में नहरी और गैर-मुमकिन कृषि भूमि के दामों में 25% से 75% तक का बढ़ोतरी प्रस्तावित है। अग्रोहा में कलेक्टर के रेट में 75% की भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।
- अग्रोहा क्षेत्र की व्यावसायिक संपत्तियों में 30% तक की वृद्धि देखी गई है। अशोक विहार, गंगवा में आवासीय रेट में 30% की वृद्धि का प्रस्ताव है। नंद विहार, गंगवा में आवासीय रेट में 45% की बढ़ोतरी प्रस्तावित है।

### पंचकूला में 75 प्रतिशत वृद्धि

- पंचकूला के सेक्टर-19,27, 28,31 और एडीसी सेक्टर 4, 5,6 में आवासीय भूमि के रेट में 75 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके अलावा एससीएफ सेक्टर 4, 6,10,12,15,16 में व्यावसायिक भूमि के रेट भी 75 प्रतिशत बढ़ाए गए है।र
- वहीं, सेक्टर 23, 24, 25,26 में भी आवासीय भूमि खरीदना महंगा होगा।

यहां रेट में 45 फीसदी की बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है, जबकि बूथे सेक्टर 7,8,9 में व्यावसायिक दरों में 60 प्रतिशत का इजारा रखा गया है।

**फरीदाबाद : सेक्टर-16 सबसे महंगा**

- ग्रेटर फरीदाबाद के नीमका और फरीदपुर जैसे इलाकों में रिहायशी जमीन की कीमतों में करीब 75 फीसदी तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

# किसानों को 10 पैसे प्रति यूनिट मिलेगी बिजली

### सरकार देगी 7870.32 करोड़ की सब्सिडी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने नए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बिजली वितरण निगमों उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का नया टैरिफ ऑर्डर जारी कर दिया है। इस टैरिफ ऑर्डर में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 65 के तहत किसानों के लिए सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। इसके अनुसार, किसानों को पहले की तरह अपने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए मात्र 10 पैसे प्रति यूनिट की दर से ही बिल का भुगतान करना होगा।

**सब्सिडी के गणित का विवरण**

- **कुल उपभोक्ता:** प्रदेश में कुल 83,79,739 बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से 7,15,188 किसानों के ट्यूबवेल बिजली से जुड़े हैं।
- **बिजली का प्रावधान:** नए वित्त वर्ष के लिए किसानों के ट्यूबवेलों हेतु 10,686.64 मिलियन यूनिट बिजली निर्धारित की गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 9,304.27 मिलियन यूनिट थी।
- **लागत और राजस्व :** 7.48 प्रति यूनिट की दर से किसानों की बिजली पर कुल 7,993.61 करोड़ का खर्च आएगा। 10 पैसे प्रति यूनिट की दर से किसानों से लगभग 123.30 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा। इस राजस्व को कुल लागत से घटाने के बाद, राज्य सरकार को बिजली निगमों को 7,870.32 करोड़ की सब्सिडी देनी होगी।

### बढ़ गया बिजली आपूर्ति का खर्च

नियमों के अनुसार, राज्य सरकार को बिजली निगमों को प्रति यूनिट आपूर्ति लागत के आधार पर सब्सिडी देनी होती है। पहले बिजली आपूर्ति पर प्रति यूनिट खर्च 7.35 आता था, जो अब बढ़कर 7.48 प्रति यूनिट हो गया है। इस वृद्धि के कारण राज्य सरकार को नए वित्त वर्ष में 1088.61 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान करना होगा। गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में यह सब्सिडी 6781.71 करोड़ थी।






# पंजाब के मलेरकोटला में दो आतंकवादी गिरफ्तार

- *पंजाब और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने धर दबोचा*
- *5 साल से गांव शेरवानी कोटे में करते थे मजदूरी*
- *अब्बू गाबा, उस्मान के रूप में हुई आरोपियों की पहचान*

**मलेरकोटला (एजेंसी)।** पंजाब के मलेरकोटला से पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है। इन्हें शेरवानी कोटे गांव से शनिवार को गिरफ्तार किया गया जहां वे पिछले कई वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे थे। इसके साथ ही 5 साल से मजदूरी भी कर रहे थे।

**कई वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे थे**

**नशा तस्कर से मिला सुराग**

बड़ा खुलासा उस समय हुआ जब "युद्ध नशे के विरुद्ध" अभियान के तहत पकड़े गए एक स्थानीय नशा तस्कर से पूछताछ की गई। जांच के दौरान सामने आए इनपुट के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान जम्मू-कश्मीर में वांछित आतंकियों से मेल खाती पाई गई। मलेरकोटला पुलिस की सीआईए विंग की टीम ने शनिवार को गांव में छापा मारकर दोनों को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश फतेहाबाद में गिरे ओले

**40–60 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा**

**फतेहाबाद।** हरियाणा में देर शाम अचानक मौसम बदल गया। इस दौरान फतेहाबाद में कुछ इलाकों में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। यहां कुकड़ावली, माजरा, रतिया और भिरड़ाना में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई जिलों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना जताई थी। उत्तरी हरियाणा के इलाकों अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, करनाल और कैथल में ओरेंज अलर्ट जारी किया। यहां तेज हवा के साथ-साथ ओले गिरने की संभावना भी जताई गई। इसके अलावा बाकि 16 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूरे हरियाणा में 40 से 60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। बारिश और तेज हवा के चलते फसलों को नुकसान हो सकता है। मौसम विभाग ने बारिश की आशंका के चलते किसानों को सिंचाई व दवा का छिड़काव ना करने की सलाह दी है।

# विमान का इमरजेंसी गेट खोलने लगा शख्स, बोला- 'भूत ने करवाया'



अदनान (आरोपी)

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु से वाराणसी जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई-185 में एक यात्री ने दो बार इमरजेंसी एग्जिट डोर खोलने की कोशिश की। यात्री मोहम्मद अदनान ने पहली बार उड़ान भरने के 15 मिनट बाद और दूसरी बार लैंडिंग से ठीक पहले, जब विमान 500 फीट की ऊंचाई पर था, दरवाजा खोलने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश के बाद पायलट ने लैंडिंग रद्द कर दी और विमान 10:35 बजे सुरक्षित उतरा, जिसके बाद अदनान को सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में अदनान ने पहले भूत चढ़ने का बहाना बनाया, फिर कहा कि उसे नहीं पता था कि वह हैंडल इमरजेंसी एग्जिट का है। इस घटना से विमान में मौजूद सभी यात्री डर गए और हड़कंप मच गया। प्रोटोकॉल के तहत अदनान को तुरंत एयरलाइन सिक्योरिटी और सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया। पुलिस को सूचना देकर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अदनान ने कहा कि वह गोवा से छुट्टियां मनाकर लौट रहा था और उसे नहीं पता था कि वह हैंडल इमरजेंसी एग्जिट का है।




फाइल फोटो

### मार्केटिंग से लेकर कागजी कार्रवाई तक सब एआई ने किया

*रॉबर्ट टेस्ट करना चाहते थे कि क्या एआई पूरी प्रोसेस संभाल सकता है*

# चैटजीपीटी की मदद से 9.5 करोड़ में बिका घर, 95 लाख रुपये ज्यादा मिले




**एआई ने बताया- घर कब लिस्ट करें और क्या बदलाव करें**

चैटजीपीटी ने लेविन को न केवल कंटेंट लिखकर दिया, बल्कि यह भी बताया कि घर को मार्केट में उतारने का सबसे सही समय क्या है ताकि खरीदार तुरंत आकर्षित हों। टूल ने उन्हें घर में कुछ छोटे सुधार करने की भी सलाह दी, जिससे प्रॉपर्टी की वैल्यू बढ़ने में मदद मिली। लेविन के मुताबिक हमने वैसा ही किया, जैसा टूल ने बताया।

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक शख्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके अपना घर करीब एक मिलियन डॉलर (लगभग 9.5 करोड़ रुपये) में बेच दिया है। मियामी में रहने वाले रॉबर्ट लेविन ने घर बेचने के लिए किसी रियल एस्टेट एजेंट की मदद नहीं ली, बल्कि चैटजीपीटी को अपना गाइड बनाया। लेविन ने केवल 5 दिनों के अंदर ही अपने घर की डील क्लोज कर दी। खास बात यह है कि घर की जो कीमत लोकल एजेंट्स ने बताई थी, लेविन को एआई की सलाह की वजह से उससे 95 लाख रुपये ज्यादा मिले। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रॉबर्ट लेविन यह टेस्ट करना चाहते थे कि क्या एआई घर बेचने की पूरी प्रोसेस को अकेले संभाल सकता है। उन्होंने घर की सही कीमत तय करने (प्राइसिंग), लिस्टिंग तैयार करने और मार्केटिंग कंटेंट लिखने के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल किया।

**3 दिन में 5 ऑफर आए**

घर को मार्केट में लिस्ट करने के महज तीन दिनों के भीतर लेविन को 5 खरीदारों के ऑफर मिल गए। उन्होंने घर को 1 मिलियन डॉलर में बेच दिया। यह कीमत रियल एस्टेट एजेंटों द्वारा दिए गए अनुमान से 95 लाख रुपये ज्यादा थी।

**लाखों का कमीशन बचाया, पर प्रोफेशनल की सलाह भी मानी**

लेविन ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से उन्होंने एजेंट को दी जाने वाला कमीशन बचा लिया। हालांकि, उन्होंने सावधानी बरतते हुए कागजी कार्रवाई के लिए एक वकील की मदद जरूर ली। लेविन का मानना है कि एआई पूरी तरह से पेशेवरों की जगह नहीं ले सकता।




धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

## खबर संक्षेप

### प्रॉपर्टी डीलर को मारीं गोलियां, पूर्व मंत्री के बेटे पर लगाया आरोप



**कुरुक्षेत्र।** जिले के पिहोवा के गुमथला गढ़ू गांव में कंट्रक्शन को लेकर हुए विवाद में पटियाला के प्रॉपर्टी डीलर पर गोलियां चला दी गईं। उसके पांव में 2 गोलियां लगीं, जो अस्पताल में उपचाराधीन है। फायरिंग का आरोप पूर्व मंत्री के बेटे पर लगाया है। घायल की पहचान संदीप सिंह उर्फ सन्नी निवासी अर्बन सिटी पटियाला के रूप में हुई है। अस्पताल में उपचारथीन संदीप सिंह ने बताया कि उसने गुमथला गढ़ू गांव में एनजीओ के कंस्ट्रक्शन के लिए जमीन ली थी। जमीन पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था तभी मौके पर आरोपी आया और उसने काम रुकवाने के लिए कहा। काम नहीं रोकने पर गोलियां चला दी। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बाइकों की टक्कर में दो दोस्तों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में भट्ट माजरा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस एक्सीडेंट में एक ही गांव दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार चाचा-भतीजा घायल हो गए। मरने वालों की पहचान शाहपुर गांव के चौकीदार शिव कुमार (40) और उसी के गांव के पप्पल (50) के रूप में हुई है। दोनों किसी काम से शहर गए थे। शिव कुमार अपने पीछे पत्नी, दो बेटी संजना 12, माफी (10) और बेटे हरमन (8) को छोड़ गया। शिव कुमार अपने घर में इकलौता कमाने वाला था। उधर, पप्पल मेहनत-मजदूरी का काम करता था। वहीं, हरीगढ़-भोरख गांव के पास डेरे में रहने वाला साबु (22) घायल है। बच्चे को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## जींद के गांव भाणा ब्राह्मणन में 45 मकानों पर टूटने की लटकी तलवार

# मकान तोड़ने पर ग्रामीणों ने किया चंडीगढ़ कूच पुलिस ने रोका, मंत्री के आश्वासन पर वापस लौटे

- प्रशासन ने पंचायती जमीन पर होने का हवाला देकर आधा दर्जन मकानों को गिरा दिया था
- ग्रामीणों का दावा, चार-पांच दशक पुराने मकानों को भी तोड़ने की दी चेतावनी, मंत्री बेदी ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। परिवारों को चंडीगढ़ जाने से रोकने के लिए पुलिस ने की बेरिकेडिंग।

गांव भाणा ब्राह्मणन में अवैध बताते हुए कई मकान तोड़े जाने का मामला रविवार को गरमा गया। इससे खफा होकर रविवार को ग्रामीणों ने चंडीगढ़ के लिए पैदल कूच कर दिया। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया और पुलिस ने उन्हें बेरिकेडिंग लगाकर रोका। बाद में परिवारों को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने समाधान का आश्वासन दिया। जिसके बाद वे परिवार वापस गांव लौट आए।

बेदी ने ग्रामीणों की कमेटी के साथ अधिकारियों से भी समस्या के सामधान को लेकर विचार-विर्मश किया। उन्होंने हरसंभव सहायता का भी आश्वासन परिवारों को दिया। हाईकोर्ट के आदेश पर गांव भाणा ब्राह्मणन में आधा दर्जन से ज्यादा अवैध कब्जों को प्रशासनिक अमले ने जेसीबी की सहायता से गिरा दिया था। अवैध कब्जों की जद में 45 मकान आ रहे हैं। जिनमें से कुछ मकान तो पांच दशक पुराने भी हैं। मकान तोड़े जाने से खफा होकर परिवारों ने चंडीगढ़ कूच का निर्णय लिया था। रविवार सुबह गांव भाणा ब्राह्मणन के कुछ परिवार पैदल ही चंडीगढ़ के लिए शिमला रोड पर निकले तो कुछ दूरी पर पुलिसबल ने बेरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। उसी समय कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का फोन भी उन परिवारों के पास पहुंचा और खुद उनके पास आने की बात कही।

### छह मांगें रखीं, 11 सदस्यीय कमेटी बनाई

कूच कर रहे लोगों के बीच पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने उन लोगों से बातचीत की। उन परिवारों ने छह मांगें रखीं। उन्होंने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। जो नुकसान हुआ है, उसकी भी भरपाई का आश्वासन दिया। उन्होंने 11 सदस्यीय कमेटी भी बनाई, जो अधिकारियों के साथ बातचीत करेगी। गांव के सरपंच सुरेंद्र ने बताया कि मामला लगभग 46 साल पुराना है। अब कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कानून के तहत समाधान का आश्वासन दिया है।

## दूसरे संप्रदाय के युवक के युवती को ले जाने पर बवाल

# युवती की बरामदगी न होने पर लगाया जाम



यमुनानगर। व्यासपुर के शिव चौक पर जाम लगाते हुए परिजन व अन्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

व्यासपुर क्षेत्र में पिपली वाला गांव की 19 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला अब संवेदनशील रूप ले चुका है। युवती हिंदू समुदाय से है, जबकि आरोपी युवक दूसरे धर्म से है। बरामदगी का अल्टीमेटम दिए जाने की समयसीमा समाप्त होने के बाद रविवार को पंचायत आयोजित की गई, जिसके बाद गुस्साए लोगों ने व्यासपुर चौक पर जाम लगा दिया।

पंचायत में सैकड़ों ग्रामीण और हिंदू संगठनों के लोग शामिल हुए। पंचायत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने व्यासपुर चौक पर जाम लगा दिया और विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। डीएसपी हरविंद्र सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया। डीएसपी रजत गुलिया ने भी घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सीआईए की विशेष टीम युवती को ढूंढने में लगी हुई है। हिंदू संगठन से जुड़े महिपाल आर्यन ने बताया कि दो दिन पहले युवती को शादी का झांसा देकर एक संप्रदाय विशेष का युवक अपने साथ ले गया। तब से युवती का कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक युवती सुरक्षित नहीं मिलती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## लाडवा के अपहृत बुजुर्ग को प. बंगाल से मुक्त करवाया, आरोपी दंपति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना लाडवा पुलिस ने लाडवा के अपहृत व्यक्ति को छुड़वाने तथा अपहरणकर्ता दम्पति को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों ने ओडिशा में व्यक्ति को किडनैप करके उसके परिजनों से 5 लाख की फिरौती मांगी थी। थाना लाडवा प्रभारी निरीक्षक गुरनाम सिंह ने बताया कि 26 मार्च को पुलिस को मेघा रानी ने बताया कि वह दो बहनें हैं। उसके पिता लाडवा में अकेले रहते हैं। 23 मार्च को उसके पिता अजीत वर्मा धार्मिक यात्रा पर भुवनेश्वर के लिए चले थे। 25 मार्च को भुवनेश्वर पहुंचने पर अज्ञात बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने मोबाइल पर कॉल कर पांच लाख रुपये मांगे। शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने थाना लाडवा की एक टीम का गठन कर तुरन्त ओडिशा रवाना कर दिया। 28 मार्च को थाना लाडवा प्रभारी निरीक्षक गुरनाम सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुरेश, पीएसआई विकास कुमार की पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर जांच को आगे बढ़ाया। अपहृत अजीत वर्मा की लोकेशन पश्चिम बंगाल में मिलने के संकेत मिले। वहां से बुजुर्ग को मुक्त करवाया।

## रेवाड़ी में घर के बाहर से पूर्व मंत्री की नई स्कॉर्पियो चोरी



**रेवाड़ी।** शहर में सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए शनिवार रात चोर सेक्टर-3 में घर के बाहर खड़ी पूर्व मंत्री की स्कॉर्पियो को चुरा ले गए। सेक्टर-3 निवासी पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ने करीब 10 महीने पहले ही नई स्कॉर्पियो खरीदी थी। गाड़ी चोरी की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। चोरों ने देर रात पहले गाड़ी का शीशा तोड़कर लॉक सिस्टम को डिकोड किया और गाड़ी को लेकर फरार हो गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर-3 निवासी पूर्व मंत्री जसवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब 10 महीने पहले काले रंग की एक स्कॉर्पियो खरीदी थी, जिसे घर के बाहर से चुरा लिया गया।

## व्यापारियों से रंगदारी मांगने पर बना भय का माहौल : सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अंबाला, पानीपत, जींद व अन्य जिलों से लगातार रंगदारी के मामले सामने आ रहे हैं। व्यापारियों को विदेशी नंबरों से फोन कॉल कर जान से मारने की धमकी देकर लाखों और करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है। अंबाला शहर की सरस्वती कॉलोनी में एक इमिग्रेशन कारोबारी को विदेशी नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई और उससे 50 लाख रुपये की मांग की गई। आरोपियों ने कारोबारी और उनके परिवार को डराने के लिए उनकी और उनकी पत्नी की तस्वीरें भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इसी तरह जींद के भट्ठा संचालक से 2 करोड़ मांगे गए हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह घटनाएं प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं। व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## कलेक्टर रेट में 15 से 75% तक बढ़ोतरी जनता पर महंगाई का डबल वार : डॉ. सुशील गुप्ता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में प्रस्तावित कलेक्टर रेट में 15% से 75% तक की भारी बढ़ोतरी को जनविरोधी और असंवेदनशील फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता परेशान है, वहीं दूसरी तरफ सरकार इस कठिन समय में राहत देने के बजाय कलेक्टर रेट में भारी वृद्धि कर आमजन की कमर तोड़ने का काम कर रही है। इससे जमीन, मकान और रजिस्ट्री से जुड़े सभी खर्चों में सीधा इजाफा होगा, जिसका असर आम आदमी और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। डॉ. गुप्ता ने यह भी सवाल उठाया कि 28 मार्च को दोपहर बाद जिलों की वेबसाइट पर प्रस्तावित रेट अपलोड किए गए और आपत्तियां व सुझाव देने के लिए 30 मार्च दोपहर 3 बजे तक का ही समय दिया गया है, जिसमें 29 मार्च को रविवार की छुट्टी भी शामिल है। ऐसे में आम जनता को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा, जो सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि कम से कम 30 दोनों का समय शिकायतें, सुझाव हुए आपत्ति के लिए दिया जाए। उन्होंने कहा कि अम्बाला कैंट में आवासीय प्लाट 1597% तक बढ़ाने का प्रस्ताव जनता की समझ से परे है। रेवाड़ी में कृषि भूमि और आवासीय भूमि के कलेक्टर रेट में 75% तक बढ़ोतरी सरकार द्वारा जनता पर अनावश्यक रूप बोझ डालना है।

## सरसों की 1.2 लाख क्विंटल आवक के बावजूद 5% भी खरीद नहीं : अनुराग ढांडा



**चंडीगढ़।** हरियाणा की मंडियों में सरसों की सरकारी खरीद में पहले ही दिन जिस स्तर की अव्यवस्था, लापरवाही और खुली लूट देखने को मिली है, उसने भाजपा की नायब सिंह सरकार की पूरी तरह पोल खोल दी है। यह बात आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कही। उन्होंने तीखा हमला करते हुए कहा कि प्रदेश की 90% से अधिक मंडियों में सरकारी खरीद पूरी तरह ठप पड़ी रही, जबकि हजारों किसान सुबह 5 बजे से शाम 7 बजे तक अपनी फसल लादे लाइन में पसीना बहाते रहे। उन्होंने कहा कि राज्य भर में सरसों की आवक 1.2 लाख क्विंटल से अधिक पहुंच चुकी है, लेकिन सरकारी एजेंसियों ने 5% तक खरीद भी नहीं की। यह साबित करता है कि सरकार खरीद करना ही नहीं चाहती। जबकि सरकार खुद 13 लाख मीट्रिक टन सरसों खरीदने का लक्ष्य तय कर चुकी है, ऐसे में पहले दिन की यह हालत सरकार की नीयत और तैयारी दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ढांडा ने कहा कि जींद, हिसार, फतेहाबाद, रेवाड़ी, रोहतक और कई अन्य जिलों में किसानों को घंटों धूप में खड़ा रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि ई-खरीद पोर्टल पूरी तरह ध्वस्त रहा। सर्वर क्रैश, डेटा वेरिफिकेशन में करीब 70% गड़बड़ी और सिस्टम अपडेट न होने के कारण किसानों को गेट पास तक नहीं मिल सके।

# मीरी पीरी कॉलेज विवाद में 20 पर केस दर्ज

- एचएसजीएमसी के पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल की शिकायत पर एसजीपीसी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट रघुजीत सिंह विर्क समेत अन्य पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

शाहबाद में एसजीपीसी द्वारा संचालित मीरी पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में 20 मार्च को हुए विवाद के मामले ने अब कानूनी रूप ले लिया है। एचएसजीएमसी के पूर्व प्रधान व सदस्य बलजीत सिंह दादूवाल के नेतृत्व वाले समूह की शिकायत पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह मामला शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के बीच हुए टकराव से जुड़ा हुआ है। दादूवाल ग्रुप द्वारा दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विवाद के दौरान उनके साथ गंभीर मारपीट की गई और जानलेवा हमला किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस केस में एसजीपीसी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं ट्रस्ट कार्यकारी समूह के चेयरमैन रघुजीत सिंह विर्क समेत कुल 20 लोगों को नामजद किया गया है। बता दें कि 20 मार्च को मीरी पीरी संस्थान में हुए विवाद के बाद एचएसजीएमसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह तलाकौर ने दादूवाल एवं साथियों के साथ 21 मार्च को पुलिस अधीक्षक, कुरुक्षेत्र को शिकायत सौंपी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला किया, जिसमें उनके साथ मारपीट की गई और उनकी पगड़ी भी गिरते-गिरते बची। पुलिस ने अब 28 मार्च को शाहाबाद थाने में मामला दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाया है। प्रारंभिक जांच में फुटेज के जरिए मारपीट की घटना की पुष्टि होने की बात सामने आई है। अब पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल


**मेष** — आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। करियर में नई पहल और रचनात्मक कामों से सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं।


**वृष** — आदित्य मंगल योग से लाभ और तरक्की के संकेत हैं। धन आगमन प्रबल है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।



**मिथुन** — दिन व्यस्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक खर्च न करें। प्रेम में उतार-चढ़ाव संभव।



**कर्क** — भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में सतर्कता जरूरी। धन स्थिति सामान्य। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।


**सिंह** — आज का दिन खास रहेगा। करियर में अवसर और लाभ के मजबूत योग हैं। रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखमय।



**कन्या** — स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्य क्षेत्र में व्यावहारिक निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहें।



**तुला** — संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनरशिप और बिजनेस में फायदा हो सकता है। करियर स्थिर, लेकिन यात्रा से थकान हो सकती है। धन स्थिति बेहतर रहेगी।


**वृश्चिक** — गुप्त मामलों में सावधानी बरतें। करियर में मेहनत से प्रगति होगी। धन लाभ के अवसर, लेकिन निवेश में जोखिम न लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे।


**धनु** — यात्रा और उच्च शिक्षा से लाभ। करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी। परिवार में खुशहाली। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन थकान से बचें।


**मकर** — करियर और आर्थिक मामलों में स्थिरता। पुरानी योजनाएं पूरी हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। अनावश्यक बहस से बचें।


**कुंभ** — सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दोस्तों से मदद मिलेगी। करियर में छोटे बदलाव संभव। धन में वृद्धि के योग। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। वादे पूरे करें।


**मीन** — दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन स्थिति स्थिर, लेकिन खर्च नियंत्रित रखें। प्रेम संबंधों में संतुलन जरूरी।

# एसडीएम से वापस ली रजिस्ट्री की पावर

- तहसीलदारों की हड़ताल के वक्त सरकार ने एकाधिकार खत्म करने के लिए दी थी एसडीएम को पावर

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद




पिछले दिनों तहसीलदारों की हड़ताल के बाद सरकार ने एकाधिकार खत्म करने के लिए रजिस्ट्रियां करने का अधिकार तहसीलदार और नायब तहसीलदार के अलावा एसडीएम और डीआरओ को दे दिया था। राजस्व विभाग की तरफ से जारी पत्र में अब एसडीएम से रजिस्ट्री की पावर वापस ले ली गई है, वहीं डीआरओ पांच टोकन रोजाना उठा पाएंगे, लेकिन अब तहसीलदार द्वारा रजिस्ट्री नहीं करने पर टोकन डीआरओ के पास रिवर्ट नहीं होगा। तहसीलदारों को ही रजिस्ट्री को वेरीफाई या रिजेक्ट करना होगा। राजस्व विभाग ने एसडीएम को रजिस्ट्री नहीं करने का आदेश पहले ही दे दिया था, जिसके बाद ऑपरेटरों ने अब खिड़की को बंद कर दिया है। शुक्रवार को एसडीएम के रजिस्ट्री काउंटर पर एक भी रजिस्ट्री नहीं की गई थी।

### डीआरओ को पांच रजिस्ट्री करनी होगी

उच्च अधिकारियों से मिले आदेश के तहत के कार्य किया जा रहा है। हाल में आए आदेश के तहत अब एसडीएम रजिस्ट्री नहीं करेंगे। पांच रजिस्ट्री डीआरओ को करनी होगी। आदेश के तहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

-शाम लाल, डीआरओ, फतेहाबाद।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**


चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अमृतपाल सिंह श्री सतपाल सिंह श्रीमती सरबजीत कौर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10759339) | गांव मानकपुर ग्राम पंचायत नकटा, रतिया, फतेहाबाद, हरियाणा-125050 में प्लॉट/मकान एलजीडी आई.डी. 602720058 और यू.आई.डी. नं. 602720spas100ph0058a वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3529.00, 1697.00 | रु. 440484/- रुपये चार लाख चालीस हजार चार सौ चोरासी केवल | 25-10-2025 | 24/03/2026 |
| श्री नितिन कुमार श्री अमित कुमार श्रीमती मंजू (प्रोस्पैक्ट नं. IL10979085) | पोपीआईडी नं. 1khothg6, 12, मनोहर कॉलोनी, खेडा बजार, जयधारी, अग्रवाल धर्मशाला, यमुनानगर, हरियाणा, भारत-135101 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 948.40, 853.80 | रु. 1137608/- रुपये ग्यारह लाख सैंतीस हजार छह सौ आठ केवल | 09-01-2026 | 25/03/2026 |
| श्रीमती बिमला श्री सुनील बिमला सुनील (प्रोस्पैक्ट नं. IL10681812) | वाका रकबा, श्याम नगर कॉलोनी, जीन्द, हरियाणा, भारत-126102 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 837.00, 600.00 | रु. 1035271/- रुपये दस लाख पैंतीस हजार दो सौ इकहत्तर केवल | 09-01-2026 | 25/03/2026 |
| श्री अनिल शर्मा श्रीमती रूपा, बेबी लैंड ट्यूशन सेंटर, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10463593) | 12345, शोरे वाली गली, जैन चौक, भिवानी, भिवानी, तिलक भवन, भिवानी, हरियाणा, भारत-127021 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 595.00, 849.60. | रु. 1065684/- (रुपये दस लाख पैंसठ हजार छह सौ चोरासी केवल) | 09/01/2026 | 24-03-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 30.03.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

## शब्द पहेली - 6180




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 6179 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |



# जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट, चुनौती से निपट रहा भारत : मोदी

## अफवाहों में न आएं, सरकार की जानकारी पर भरोसा करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 132वें कार्यक्रम में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। मोदी ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं।

इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

### खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद जारी

*वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं।*

### जम्मू-कश्मीर की रणजी टीम का जिक्र किया

*पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है, जिन्होंने रणजी सीजन में 60 विकेट लिए हैं।*

### मन की बात के 132वें कार्यक्रम में पीएम ने रखे विचार

### मोटापे से बचने के लिए चीनी का सेवन कम करने का आह्वान किया

*मोदी ने रविवार को देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल का उपयोग 10 प्रतिशत तक घटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास लोगों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से दूर रखेंगे। मोदी ने अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' में कहा कि 'इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर' युवराज दुआ के पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने पिता को चीनी का सेवन कम करने के लिए कहने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे खुशी है कि मेरी अपील का उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि चीनी का सेवन कम करें, और जैसा कि मैंने पहले भी कहा*




*है, हमें खाना पकाने के तेल का उपयोग भी 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। ये छोटे प्रयास आपको मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाएंगे।" मोदी ने कहा कि उन्होंने हमेशा सभी से सेहत पर ध्यान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अब 100 दिन से भी कम समय बचा है, विश्व भर में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।*

### पीएम बोले-'जो खेलता है, वही ऊंचाई प्राप्त करता है'

मोदी ने कहा कि वह अक्सर कहते हैं कि "जो खेलता है, वही ऊंचाई प्राप्त करता है" और उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि देश के युवा अब उन खेलों को अपना रहे हैं, जो पहले इतने लोकप्रिय नहीं थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली एथलीट गुलवीर सिंह ने एक ऐसे ही खेल में कमाल कर दिखाया है और कुछ ही हफ्ते पहले उन्होंने 'न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन' में तीसरा स्थान हासिल करके इतिहास रच दिया। सिंह एक घंटे से कम समय में 'हाफ मैराथन' पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं।

### 11 वर्षों में 50 लाख कृत्रिम जल संग्रह संरचनाएं और 70,000 झीलें बनाई गईं

देश के कई हिस्सों में गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है यानि ये समय जल संरक्षण के अपने संकल्प को फिर से दोहराने का है। पिछले 11 सालों में 'जल संचय अभियान' ने लोगों को बहुत जागरुक बनाया है। 11 वर्षों में 50 लाख कृत्रिम जल संग्रह संरचनाएं और 70,000 झीलें बनाई गईं। जब समाज खुद आगे आता है, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बन जाते हैं। हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, जो हमें यही सिखाते हैं।

## खबर संक्षेप

### देवबंद में होटल पर फायरिंग, तोड़फोड़



**सहारनपुर।** जिले के देवबंद में स्टेट हाइवे स्थित वीआईपी रोज होटल पर रविवार तड़के बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग के दौरान होटल कर्मचारियों ने कमरों में छिपकर अपनी जान बचाई। गोलियां लगने से होटल के शीशे चकनाचूर हो गए।

### गाजियाबाद में ऑयल फैक्ट्री में आग का तांडव




**गाजियाबाद।** साउथ साइड जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आजाद ऑयल एक्सपेलर फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में तेल, कच्चा माल और पैकिंग के गत्ते बड़ी मात्रा में रखे होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा था।

### नक्सलमुक्त भारत पर लोकसभा में आज चर्चा!

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त करने के प्रयासों पर चर्चा होगी। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा दी गई 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले यह चर्चा होगी। लोकसभा सचिवालय ने 'देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों' पर नियम 193 के तहत सोमवार को चर्चा सूचीबद्ध की है।

### अल्मोड़ा में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 2 युवकों की मौत



**अल्मोड़ा।** तहसील देघाट के ग्राम चिन्तोली में रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्राम प्रहरी चंदन सिंह ने घटना की सूचना थाना देघाट को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## त्रिशूर में मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

# केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा, एलडीएफ व यूडीएफ भ्रष्टाचारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने रविवार को भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत करने के लिए केरल पहुंचे। मोदी ने पलक्कड़ में पहली चुनावी रैली की, फिर वह त्रिशूर पहुंचे थे। यहां भी उन्होंने रोड शो किया जिसमें अपार जनसमूह उमड़ा इसके बाद रैली को संबोधित किया। साथ ही कहा कि हम केरल में अगली बार सरकार बनाएंगे। सबसे पहले पलक्कड़ में मोदी ने कहा कि दशकों से केरल मतलबी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ यूडीएफ, एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी तरफ कांग्रेस है। एलडीएफ और यूडीएफ की सारी राजनीति सिर्फ वोट-बैंक के लिए ही है। पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को भाजपा से डर लगता है। अगर हम सत्ता में आ गए तो इनके सारे काले कारनामों की पोल खुल जाएगी।

- पीएम मोदी असम और पुडुचेरी के एनडीए कार्यकर्ताओं से वर्चुअली संवाद करेंगे, यह बातचीत 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत संवाद' अभियान के तहत होगी
- टीवीके चीफ विजय आज से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे
- तमिलनाडु में सभी 234 सीट से पार्टी के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। विजय खुद पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व से चुनाव लड़ेंगे

### बोले-केरल में हम अगली सरकार जरूर बनाएंगे




#### प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा

मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, "आज केरलम् के लोगों से मिलने को लेकर उत्सुक हूं। पलक्कड़ में एक रैली को संबोधित करूंगा और उसके बाद त्रिशूर में एक रोड शो में हिस्सा लूंगा। केरल का मिजाज राजग के पक्ष में है। लोग एलडीएफ और यूडीएफ के खराब शासन से तंग आ चुके हैं।"

**दोनों मोर्चे भाजपा के उदय से भयभीत** केरल की जनता के आशीर्वाद और आपके सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।" उन्होंने केंद्रीय निधियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाते हुए कहा, "यह पैसा आपका था, लेकिन उन्होंने इसे लूट लिया है।" उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि दोनों मोर्चे भाजपा के उदय से भयभीत हैं और कहा कि उनके "गलत काम उजागर हो जाएंगे।" विकास का वादा करते हुए मोदी ने कहा कि राजग सरकार लूटे गए धन को वापस लाएगी और केरल में विकास को गति देगी।

### असम में भाजपा लगाएगी हैट्रिकः नवीन

**तिनसुकिया (असम) (भाषा)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर 'हैट्रिक' लगाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय 'वोट बैंक की राजनीति' में लिप्त होने का आरोप लगाया। इस 'काले अध्याय' को याद रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम सीएम शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे।"



#### स्टालिन कल से प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम. के. स्टालिन आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 31 मार्च को तिरुवरूर निर्वाचन क्षेत्र से अपने चुनाव प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। तिरुवरूर, द्रमुक के दिवंगत नेता एम. करुणानिधि का गृह नगर है।

### असम में शाह ने भरी हुंकार

### घुसपैठ रोकना ही काफी नहीं है, हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा



**ढेकियाजुली (असम)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह 'पर्याप्त नहीं है', क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा ने 10 साल पहले असम में घुसपैठियों को रोकने का वादा किया था और उस वादे को निभाया। शाह ने कहा कि हालांकि, यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि हमें अगले पांच वर्षों में प्रत्येक अवैध प्रवासी को देश से बाहर भेजना होगा।" उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों ने असम के मूल निवासियों के रोजगार छीन लिए हैं और गरीबों का अनाज हड़प लिया है।

### चुनावी राज्य महिलाओं को 24 हजार करोड़ दे रहे

## असम, केरल, बंगाल और तमिलनाडु कई तरह की योजनाओं से लुभा रहे

**नई दिल्ली।** 5 राज्यों में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जहां सत्ताधारी दल और विपक्ष जीत के दावे कर रहा है। वहीं सूबे की सरकारों ने महिलाओं के वोट बैंक पर पूरा ध्यान रखते हुए चुनावी राज्यों ने महिलाओं के खाते में सीधे करीब हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर कर रहे हैं। इन पांच राज्यों में से चार ऐसे हैं, जिन्होंने जीत के कथित फॉर्मूले यानी कैश ट्रांसफर पर बड़ा दांव लगाया गया है। चुनावी वादा भी यही है कि सत्ता में आए तो ऐसे ही 5 साल तक पैसे खातों में जाते रहेंगे। चारों राज्यों में सभी योजना की लाभार्थी महिलाओं की संख्या 4.1 करोड़ है, जबकि कुल मतदाता 17.89 करोड़। यानी इनमें नकद स्कीमों की कुल लाभार्थी 23 फीसदी हैं।

**तमिलनाडुः डीएमके ने 2-2 हजार स्पेशल समर नाम पर महिलाओं के खाते में डाले व 8,000 का 'इल्लैरसी' कूपन योजना शुरू करने का वादा**

**असमः भाजपा सरकार ने बिहू मनाने के लिए 4-4 हजार दिए**

**केरल : वामपंथी सरकार भी स्त्री सुखम नकद योजना ले आई, 10 लाख महिलाओं को हर महीने 1-1 हजार मिल रहे**

**बंगाल : तृणमूल सरकार ने फरवरी में लक्ष्मी भंडार स्कीम में 500 रुपये बढ़ा चुकी है**

### असम में कांग्रेस ने की 'पांच गारंटी' की घोषणा



**बंगाल में कांग्रेस ने 284 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की**

**नाओबोइचा (असम)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को चुनावी राज्य असम के लिए अपनी पार्टी की 'पांच गारंटी' की घोषणा की, जिसमें महिला कल्याण, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, भूमि अधिकार और जुबीन गर्ग मृत्यु मामले में न्याय पर जोर दिया गया है। खरगे ने राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर भी निशाना साधते हुए उस पर व्यापक भ्रष्टाचार में लिप्त होने और अपने नेताओं और उनके परिवारों की 'तिजोरियां भरने' के लिए काम करने का आरोप लगाया।

### भाजपा आई तो लोग नॉनवेज नहीं खा पाएंगेः ममता



**पुरलिया।** बंगाल में सत्ताधारी टीएमसी की तरफ से सीएम ममता बेनर्जी ताबड़तोड़ प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। इस बीच उन्होंने पुरुलिया में भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि अगर यहां में भाजपा आई तो लोग नॉनवेज नहीं खा पाएंगे। महिलाओं को लक्ष्मी भंडार से लाभ हुआ है, भाजपा चुनाव से पहले कुछ धनराशि देगी लेकिन बाद इसे बंद कर देगी। बंगाल चुनाव से पहले, एसआईआर के माध्यम से 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए।

## बीआरएस के 24 विधायक दो दिन के लिए निलंबित



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा में सोमवार को भारी सियासी ड्रामा देखने को मिला। सदन की कार्यवाही में लगातार बाधा डालने और हंगामा करने के आरोप में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 24 विधायकों को दो दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस निलंबन के बाद विपक्षी दल ने सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया है।

### भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप पर भिड़े

पूरे विवाद की जड़ सूबे के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी पर लगे कथित भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप हैं। सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। मुख्य विपक्षी दल बीआरएस के विधायक इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हो गए। विपक्षी सदस्यों ने मांग की कि इन आरोपों की जांच के लिए 'हाउस कमेटी' बनाई जाए। विपक्षी दल ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाने की भी कोशिश की। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

### जेसीबी की मदद से मलबा हटवाया

## पंजाब में जैक से उठाई जा रही बिल्डिंग गिरी, तीन की मौत

एजेंसी ▶▶ बरनाला (पंजाब)

बरनाला में रविवार सुबह एक मकान गिरने से 3 लोग उसके मलबे में दब गए। इससे तीनों लोगों की मौत हो गई। ये तीनों मकान में अंदर सोए हुए थे। इन्हें मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इनकी मौत की पुष्टि की। मलबा हटाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन की टीमें पहुंची थीं।

उन्होंने जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटवाया। अधिकारियों ने 3 शव बरामद होने के बाद भी कई घंटे तक जेसीबी चलवाई, ताकि यदि कोई और भी मलबे में दबा हो तो उसे भी निकाला जा सके। बताया जा रहा है कि मकान की नींव



धंस जाने के बाद उसे जैक से ऊपर उठाने का काम चल रहा था। जिन लोगों की मौत हुई है, वे इसी काम में लगे हुए थे। ये कुल 4 लोग थे, लेकिन एक व्यक्ति शनिवार शाम को ही घर निकल गया था, जिससे उसकी जान बच गई।

### इस्तीफे से पहले नीतीश की बैठक

## बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर कवायद तेज

**पटना।** बिहार का मुख्यमंत्री पद छोड़ने से पहले नीतीश कुमार ने अचानक अहम बैठक बुलाई थी, जिसमें जेडीयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह, संजय झा समेत कई विधायक पहुंचे। सीएम आवास पर हुई इस बैठक को सत्ता परिवर्तन से पहले के महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि नीतीश कुमार के जल्द इस्तीफा देने की अटकलों के बीच नए मुख्यमंत्री को लेकर कवायद तेज हो गई है। बिहार में राज्यसभा चुनाव के बाद चर्चा तेज है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को 30 मार्च तक बिहार विधानमंडल की सदस्यता छोड़नी होगी। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनकी राज्यसभा की सदस्यता चली जाएगी। नियमानुसार, राज्यसभा सदस्य चुने जाने के 14 दिनों के भीतर राज्य विधानमंडल से इस्तीफा देना होता है। ऐसे में नीतीश 30 मार्च को एमएलसी पद छोड़ सकते हैं।



### पंजाब में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना जिले में रविवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब माछीवाड़ा साहिब के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परमिंदर तिवारी पर अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि दो बाइक सवार बदमाश अचानक उनके पास पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल तिवारी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं और हर पहलू से जांच की जा रही है।

### मौसम विभाग ने कई राज्यों को चेतावनी दी

## उत्तराखंड और पहाड़ी राज्यों में गिरेगी बर्फ-बारिश भी होगी, गरज-चमक के साथ ओले भी गिरेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम भारत में अभी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसमें सोमवार को सबसे ज्यादा बारिश होगी। कश्मीर घाटी में बर्फबारी भी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी भारत औरमध्य भारत के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस हफ्ते के दौरान उत्तर पूर्वी और उससे सटे पूर्वी भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं से लेकर काफी बड़े इलाके में बारिश होने की संभावना है। एक अप्रैल के बीच उत्तर पूर्वी भारत में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इस हफ्ते के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।



### 4 अप्रैल तक मौसम में रहेगा बदलाव

उत्तर पश्चिम भारत में 2 और 3 अप्रैल को जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तन, मुजफ्फराबाद में, 30 मार्च और फिर 3 और 4 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में, 29-31 मार्च को उत्तराखंड में, काफी बड़े इलाके से लेकर बड़े इलाके तक हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है। हिमाचल के कुल्लू और लाहौल एवं स्पीति जिलों के ऊंचे इलाकों में रविवार को एक बार फिर बर्फबारी हुई, व मध्य और निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई।

### अकोला रहा सबसे गर्म

महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, आंतरिक ओडिशा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, दक्षिणी मध्य प्रदेश के कई स्थानों पर, राजस्थान, गुजरात क्षेत्र, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दक्षिणी केरल के कुछ स्थानों पर और राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, केरल में अधिकतम तापमान सीमा में रहा। अधिकतम तापमान 41.2 अकोला में दर्ज किया गया।

### हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े जटिल समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर काम किया गया

## भारतीय नौसेना की मेजबानी में आईओएनएस समुद्री अभ्यास हुआ.... 16 देशों ने भाग लिया

**अभ्यास में बांग्लादेश, फ्रांस, इंडोनेशिया, केन्या, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया और तिमोर-लेस्ते के देशों ने भाग लिया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 27 मार्च 2026 को कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान के मैरीटाइम वारफेयर सेंटर में आईओएनएस मैरीटाइम एक्सरसाइज (आईएमईएक्स) टेबल-टॉप एक्सरसाइज (टीटीएक्स) 2026 का आयोजन किया। इस उच्च स्तरीय बैठक में हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) से जुड़े देशों की नौसेनाओं के प्रतिनिधि, आईओएस सागर के अंतरराष्ट्रीय अधिकारी और भारतीय नौसेना के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान हिंद महासागर क्षेत्र में उभर रही गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस अभ्यास में बांग्लादेश, फ्रांस, इंडोनेशिया, केन्या, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया और तिमोर-लेस्ते के देशों ने भाग लिया। यह विविध बहुराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व पूरे क्षेत्र में आपसी विश्वास को बढ़ावा देने और सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सोलह वर्षों के अंतराल के बाद भारत द्वारा 2026-2028 चक्र के लिए आईओएनएस की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ, आईएमईएक्स टीटीएक्स 2026 क्षेत्रीय समुद्री नेतृत्व को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



नौसैनिकों का समूह फोटो

### अलग-अलग संभावित परिस्थितियों का अभ्यास

*इस अभ्यास में बिना वास्तविक तैनाती के अलग-अलग संभावित परिस्थितियों का अभ्यास किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पेशेवर आदान-प्रदान के नए रास्ते तलाशने और आपसी विश्वास को गहरा करने में सक्षम बनाया। आईएमईएक्स टीटीएक्स 2026 ने फिर साबित किया कि आईओएनएस रचनात्मक संवाद, सामूहिक जिम्मेदारी और समुद्री चुनौतियों के क्षेत्रीय रूप से संचालित समाधानों के माध्यम से सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस अभ्यास से प्राप्त जानकारियों से आईओएनएस ढांचे को और मजबूत करने की उम्मीद है, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में एक सुसंगत, उत्तरदायी और स्थिर समुद्री व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।*

## चिंतन

# चुनाव में नारी ही 'नारायणी'

देश में अगले महीने होने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में महिला मतदाता अब केवल संख्या नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी हैं। राजनीतिक दलों की रणनीतियों का केंद्र अब 'नारी शक्ति' ही है, जिसे कभी 'नारायणी' तो कभी 'तारणहार' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या फिर चुनावी लाभ का सुनियोजित गणित? पांच राज्यों के चुनावी परिदृश्य पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि चार राज्यों तमिलनाडु, असम, केरल और पश्चिम बंगाल में सरकारों और दलों ने महिलाओं को सीधे नकद सहायता देने की योजनाओं पर बड़ा दांव लगाया है। इन योजनाओं के तहत करोड़ों महिलाओं के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा रहे हैं। तमिलनाडु में 2-2 हजार रुपये का विशेष पैकेज, असम में बिहू के अवसर पर 4-4 हजार रुपये, केरल में मासिक सहायता के रूप में एक-एक हजार और पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना, ये सभी उदाहरण इस नए चुनावी ट्रेंड को दर्शाते हैं। इन योजनाओं का दायरा भी कम नहीं है। चारों राज्यों में लगभग 4.1 करोड़ महिलाएं इनका लाभ ले रही हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 23% हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि राजनीतिक दलों के लिए यह वर्ग कितना महत्वपूर्ण हो चुका है। यही कारण है कि पिछले 5 वर्षों में ऐसी नकद हस्तांतरण योजनाओं वाले राज्यों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है और कुल मिलाकर 13 करोड़ से अधिक महिलाओं को सालाना 2.46 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इन योजनाओं का एक सकारात्मक पक्ष भी है। ये महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हो सकती हैं। विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए यह सहायता जीवन स्तर सुधारने, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करने में सहायक बन सकती हैं। हरियाणा की 'लाडो लक्ष्मी', मध्य प्रदेश की 'लाड़ली बहना' या कर्नाटक की 'गृह लक्ष्मी' जैसी योजनाओं ने यह दिखाया है कि यदि सही ढंग से लागू हों, तो ये योजनाएं राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डाल सकती हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी उतना ही गंभीर है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन योजनाओं के बढ़ते बोझ का असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। कई राज्यों को अपने विकास कार्यों में कटौती करनी पड़ रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च घटाने के उदाहरण सामने आए हैं। 'मुफ्त योजनाओं' की बढ़ती प्रतिस्पर्धा एक खतरनाक प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो दीर्घकाल में आर्थिक असंतुलन पैदा कर सकती हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण को केवल नकद सहायता तक सीमित न रखा जाए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होगा, जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर अवसर मिलें। आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना कहीं अधिक स्थायी समाधान हो सकता है। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनावों में नारी आज 'नारायणी' बन चुकी हैं। परंतु यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लाभ का माध्यम न बन जाए, इसका ध्यान रखना आवश्यक है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि मतदाता अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक विकास और सुशासन को प्राथमिकता दें। तभी सच्चे अर्थों में नारी शक्ति का सम्मान और राष्ट्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।



संभावनाएं
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने का अवसर

**वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है।**

इन दिनों वैश्विक शिक्षा केंद्रों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में भारत के वैश्विक शिक्षा के नए केंद्र के रूप में स्थापित होने की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 25 मार्च को वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे। वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। निसंदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की



इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढ़कर 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं, भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में प्रकाशित अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट मार्च 2026 के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से अगस्त 2025 के बीच अमेरिका के द्वारा परमानेंट रेजिडेंट और टेंपरेरी वीजा मंजूरी में साल भर पहले की तुलना में 11 फीसदी की कमी आई है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमेरिका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से सम्बद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुठ्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोड़ने के लिए प्रयास करने होंगे। भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिज़ाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश की यूनिवर्सिटीज को उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रयोगशालाओं में निरंतर निवेश, वैश्विक संस्थानों के साथ आसान सहयोग, नियामक ढांचों के लिए कठोर मानकों के साथ यूनिवर्सिटिज को अधिक स्वायत्तता से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार पश्चिम एशिया युद्ध से बदलती हुई दुनिया में भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य
बाल मुकुन्द ओझा



# घटिया और नकली दवाओं से बिगड़ रही देश की सेहत

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद देश में घटिया और नकली दवाओं पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण देश के लाखों लोगों की सेहत सुधरने के बजाय बिगड़ रही है। भारत में नकली, घटिया और अवैध दवाओं का धंधा तेजी से फैल रहा है, जिसकी वजह से रोगियों की जान जोखिम में है। विशेषज्ञों के मुताबिक जो दवाएं धोखाधड़ी से निर्मित या पैक की गई हैं, उन्हें नकली और घटिया दवाएं कहा जाता है क्योंकि उनमें या तो सक्रिय अवयवों की कमी होती है या गलत खुराक होती है। नकली दवाओं के काले-कारोबार पर पुलिस और सरकारी एजेंसियों की छापेमारी की खबरें आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। अनेक बार लाखों करोड़ों रुपयों की घटिया दवाएं खपत होने के बाद सरकारी एजेंसियों की नज़र में आती है। बहुदा ऐसा भी देखा जाता है कि जब तक इन दवाओं की घटिया होने की रिपोर्ट आती है, तब तक ये बाजार में बिक चुकी होती हैं। रोजमर्रा में काम आने वाली दवाओं के जांच में फेल होने पर लोग सकते में है। केंद्रीय औषधि नियामक ने अपनी कई रिपोर्टों में साफतौर पर जाहिर किया है कि बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पेट में संक्रमण आदि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिन दवाओं का आप इस्तेमाल करते हैं, असल में उनकी क्वालिटी खराब है। इतना ही नहीं, बहुत सी दवाएं तो नकली हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों के ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है।

इन दवाओं के उपयोग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं। आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो पूरी सावधानी और सतर्कता




बरतते हुए दवाइयों की जांच करके लें और अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें, क्योंकि इन दिनों बाजार में घटिया दवाइयों को असली बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है। देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर-घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल हैं जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई हैं अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई हैं। ये दवाइयां असली हैं या घटिया अथवा नकली, ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है। घटिया दवाइयों का बाजार आजकल खूब फलफूल रहा है। आए दिन घटिया और नकली दवाइयां बरामद करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों में पढ़ने को मिल रही हैं। इन दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी-बुखार और जुकाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है। भारत दवाओं का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन करने वाला देश है। मगर देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के मुताबिक, भारत में फार्मा इंडस्ट्री बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें साल 2020 से 2025 के बीच 37 प्रतिशत कंपाउंडएनुअल ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है। देश में सबसे तेज गति से बढ़ रहे इस कारोबार के 55 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ ही नकली और घटिया दवाओं का अवैध कारोबार भी बढ़ रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। एसोचैम ने अपनी एक रिपोर्ट में देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बनने और बिकने का खुलासा किया था, जो विश्व की कुल नकली दवाओं का 35 प्रतिशत है। देश में नकली और घटिया दवाओं की बाढ़ आ गई है। आए दिन देश के विभिन्न भागों में घटिया और अमानक दवाएं पकड़ी जा रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित विभिन्न देशों में नकली दवाओं का कारोबार लगभग तीस अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत नकली दवाओं का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत में 25 फीसदी के करीब दवाइयां नकली बिक रहीं हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य होता है ज्ञानी



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम् मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते ही बढ़ भी जाती है।

# जब बड़ा काम हो तो बुद्धि का इस्तेमाल करना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आमजन समझदारी बरते

ईरान और इजरायल युद्ध के कारण हमारा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग सभी देश पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी आने के कारण चिंता में हैं। लगभग सभी देश यहीं से आने वाले कच्चे तेल, पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर निर्भर हैं। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। केंद्र सरकार इस समस्या का हल निकालने के लिए प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए देश के लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोग इन चीजों को लेकर अफवाहों को फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन अफवाहों के कारण कुछ लोग इन चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी भी कर रहे हैं। इन चीजों का उपयोग आम जन को समझदारी से करना होगा।

*- पूजा यादव, रेवाड़ी*

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइल इंजन का किया परीक्षण

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को बढ़ाने वाला घटनाक्रम बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण संभवतः इस बात का संकेत है कि किम ऐसी मिसाइलों के जखीरे का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करना चाहते हैं जो अमेरिका की मुख्यभूमि तक पहुंचने में सक्षम हो। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और 'सबसे बड़े दुश्मन' दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का 'ग्राउंड जेट' परीक्षण (इंजन का जमीन पर किया गया परीक्षण) देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन इंजन के एक परीक्षण में बताये गये लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।



## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं।



लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।

## ट्रेंड

### मछुआरों पर गर्व



हमें अपने मछुआरों पर गर्व है! ओडिशा, लक्षद्वीप और कर्नाटक के उन प्रयासों को विशेष रूप से दर्शाया गया है जो यह दिखाते हैं कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे रहा है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### फिटनेस पर ध्यान दें



मेरा हमेशा से यह आग्रह रहा है कि आप सभी अपनी फिटनेस पर ज़रूर ध्यान दें। 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर अब 100 दिवस से भी कम दिन बचे हैं, वैश्विक स्तर पर योग को दुनियाभर में बढ़ावा मिल रहा है। हमें खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी और शुगर इंटेक को कम करना होगा।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### पीड़ितों को न्याय नहीं



ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाज़े पर दस्तक दे रही है। बीते 10 सालों से पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अपमान, हिंसा और हत्या- बीजेपी शासित गुजरात में दलितों, आदिवासियों की यही हकीकत बना दी गई है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी



भाजपा राज में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी का इन्सिनेरेटर पूरी तरह ज़ंग खाकर जर्जर हो चुका है। ऐसे में यदि संक्रमण और प्रदूषण फैलाने वाला मेडिकल कूड़ा-कचरा सही तरीक़े से भस्म नहीं किया जाएगा तो वो स्वयं बीमारियों का कारण बनेगा।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

आरआर और सीएसके के बीच आज शाम 7.30 बजे से गुवाहाटी में मुकाबला

# पुरानी टीमों से टकराएंगे सैमसन-जडेजा, भिड़ंत होगी बेहद रोचक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला-बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

**नए सत्र में रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे जडेजा**

### सैमसन होंगे कोर नेतृत्व का हिस्सा

सैमसन चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे। धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बाएं हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है, जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रुपए में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे, जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिए जाने जाते हैं।

**सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में आएंगे नजर**







### आरआर के लिए नए दौर की शुरुआत

रॉयल्स के लिए सैमसन का जाना एक युग का अंत है और रियान पराग की कप्तानी में एक नए दौर की शुरुआत है, जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरुआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढ़ा है। उनकी बल्लेबाजी का दारोमदार यशस्वी जायसवाल पर रहेगा। उनके साथ युवा वैभव सूर्यवंशी और फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायेर हैं। रॉयल्स के लिए चिंता का सबब उसकी गेंदबाजी है। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं लेकिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में तेज गेंदबाजों को निरंतरता पर काम करना होगा।

### टीमें इस प्रकार

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा । चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी । मैच का समय : शाम 7.30 बजे से।

## खबर संक्षेप



### विश्व वुशू चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों ने जीते दो पदक

**तियानजिन।** भारतीय खिलाड़ियों ने 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं, जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौ सी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

### हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकेः विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट



कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए। विटोरी ने कहा,'आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरुआत की जरूरत थी, जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी , लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। हमने अनुशासित गेंदबाजी नहीं की। विराट और पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए, जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा कि सनराइजर्स ने देखा कि आरसीबी के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कैसे गेंदबाजी की लेकिन उनके गेंदबाज रणनीति पर अमल नहीं कर पाए।

### प्रज्ञानानंदा ने पहले दौर में अनीश गिरी को हराया

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार शुरुआत करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में नीदरलैंड के जीएम अनीश गिरी को हराया। टूर्नामेंट का पहला दिन काफी रोमांचक रहा जिसमें विश्व कप चैंपियन जावोखिर सिंदारोव ने अपने बेहतरीन दांव-पेच का इस्तेमाल करते हुए रूसी खिलाड़ी आंद्रेई एसिपेंको को मात दी जबकि टूर्नामेंट से पहले जीत के प्रबल दावेदार माने जा रहे अमेरिका के फैबियानो कारुआना अपने ही देश के हिकारू नाकामुरा पर जीत के करीब पहुंच गए थे। महिलाओं के वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप चैंपियन दिव्या देशमुख ने आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल हुईं यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जबकि आर वैशाली ने कुछ मुश्किल पलों का सामना करने के बाद कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा के साथ अंक साझा किए।

**आईपीएल:** इंडियंस का सबसे बड़ा रन चेज, कोलकाता को 6 विकेट से हराया

# रोहित और रिकलटन ने मुंबई का 13 सत्र के पहले मैच में हार का सिलसिला खत्म किया



▶▶ केकेआर ने 220 रन बनाकर भी गंवाया मैच




▶▶ तीन विकेट लेकर शार्दुल मैन आफ द मैच रहे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (78 रन) और रेयान रिकलटन (81 रन) के अर्धशतकों के साथ पहले विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट के 13 सत्र से चले आ रहे पहले मैच में हार के सिलसिले को खत्म किया। मुंबई इंडियंस हमेशा आईपीएल में धीमी शुरुआत करने वाली टीम रही है। टीम ने आईपीएल में आखिरी बार अपना पहला मैच अप्रैल 2012 में जीता था जिसमें उन्होंने चेन्नई को आठ विकेट से हराया था। टीम ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता लेकिन पहले मैच में हार का सिलसिला जारी रहा। केकेआर ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों से 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। रोहित (43 गेंद, चार चौके और आठ छक्के) और रिकलटन (38 गेंद, छह चौके, छह छक्के) की मदद से मुंबई ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत हासिल की। दोनों ने केकेआर के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं जबकि पहले ही अपने कुछ गेंदबाजों के बाहर होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिख रहा है। इन दोनों मुंबई को पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 80 रन तक पहुंचा दिया था। रोहित ने पावरप्ले की अंतिम गेंद पर दो रन लेकर महज 23 गेंद में अपना 50वां आईपीएल अर्धशतक पूरा किया जिसमें तीन चौके और पांच छक्के जड़े थे। यह आईपीएल में उनका सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने 2015 के फाइनल में 25 गेंद में अर्धशतक बनाया था था। रिकलटन ने भी जल्द ही अपना अर्धशतक पूरा किया जिसके लिए उन्होंने 24 गेंद खेलकर दो चौके और छह छक्के जमाए।

**कोलकाता-220/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल | 67 |
| फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल | 37 |
| कैमरन का रदरफोर्ड बो शार्दुल | 18 |
| रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक | 51 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 33 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 |

अतिरिक्त : 10
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन
विकेट पतन : 1-69, 2-109, 3-145, 4-205
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक 3-0-39-1, एएम 4-0-51-0, बुमराह 4-0-35-0, ठाकुर 4-0-39-3, मयंक 1-0-16-0

**मुंबई-224/4 (19.1)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रेयान रिकलटन रन आउट | 81 |
| रोहित का अनुकूल बो वैभव | 78 |
| सूर्यकुमार का रिंकू बो त्यागी | 16 |
| तिलक वर्मा का सब बो नारायण | 20 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 18 |
| नमन धीर नाबाद | 05 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन
विकेट पतन : 1-148, 2-179, 3-184, 4-215
गेंदबाजी: वैभव 4-0-52-1, ब्लेसिंग 3-0-34-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-48-0, कार्तिक 4-0-43-1, नारायण 3-0-30-1, अनुकूल रॉय 1.1-0-15-0

# मैरी कॉम का नया पंच, अब प्रोफेशनल रिंग की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने कहा,' छह विश्व चैंपियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिए अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।' मैरी कॉम ने कहा,' अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं।' उन्होंने कहा,' मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं । कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।'

# रोमांचक मुकाबले में जीती साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड को हराया

दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶ क्राइस्टचर्च




साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने हैगली ओवल में खेले गए वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। इसी के साथ मेहमान टीम ने 3 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगले मुकाबले 1 और 4 अप्रैल को वेलिंगटन में खेले जाने हैं। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम 268 रन पर सिमट गई। इस टीम को सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिम्मर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 9.1 ओवरों में 42 रन जोड़े। बेट्स 20 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि जॉर्जिया ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कप्तान अमेलिया केर ने 36 रन की पारी खेली। टीम 112 के स्कोर तक अपने 4 विकेट खो चुकी थी। यहां से मैडी ग्रीन ने इजाबेला गेज के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 गेंदों में 70 रन की साझेदारी की। मैडी 83 गेंदों में 9 चौकों के साथ 85 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि गेज ने 37 रन बनाए।

**फॉर्मूला वन**

# 19 साल के एंटोनेली का कमाल जापान ग्रांप्री में लगातार दूसरी जीत




एजेंसी ▶▶ सुजुका

मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन (शीर्ष स्थान से रेस शुरू करने का अधिकार) से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सत्र की ड्राइवर की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

- सत्र की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने किमी

### शुरुआत को बेहतर करने पर देना होगा ध्यान

एंटोनेली ने कहा, ' चैंपियनशिप के बारे में सोचना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।' उन्होंने कहा कि इस जीत के बावजूद उन्हें अपनी शुरुआत को बेहतर करने पर ध्यान देना होगा। इस युवा ड्राइवर ने कहा, 'मेरी शुरुआत खराब रही, मुझे बस यह देखना होगा कि क्या गलत हुआ। मुझे इसमें सुधार करना होगा क्योंकि इससे रेस में जीत या हार का बहुत बड़ा फर्क पड़ता है।'

# फिट्जपैट्रिक ने जीता हीरो इंडियन ओपन का खिताब

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने वापसी करते हुए चार शॉट की बढ़त से हीरो इंडियन ओपन खिताब अपने नाम किया, जो उनका पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब है। उन्होंने जब आखिरी दिन की शुरुआत की तो वह शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन यूजेनियो चाकारा से चार शॉट पीछे थे। लेकिन 18वें होल तक वह चार शॉट की बढ़त बनाए थे। फिट्जपैट्रिक ने आखिरी होल में डबल बोगी की, लेकिन तब तक वह ट्रॉफी जीतने के लिए दो शॉट की बढ़त बना चुके थे। इंग्लैंड के फिट्जपैट्रिक और चाकारा के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है, जो उनके एमेच्योर दिनों से शुरू हुई थी। एक साल पहले चाकारा ने हीरो इंडियन



ओपन 2025 खिताब जीता था और तब फिट्जपैट्रिक संयुक्त 17वें स्थान पर थे। हीरो मोटोकोर्प के कार्यकारी निदेशक डॉ पवन मुंजाल ने फिट्जपैट्रिक को ट्रॉफी और 433,500 डॉलर का चेक प्रदान किया। उन्होंने 585 अंक भी हासिल किए और रेस टू दुबई रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए।

# सबालेंका ने जीता मियामी ओपन का खिताब सनशाइन डबल पूरा करने वाली बनीं खिलाड़ी

- फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया

एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

मियामी ओपन का खिताब आर्यना सबालेंका ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। आर्यना का ये लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी और सेरेना विलियम्स ही लगातार ये टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में



अपनी जगह बना ली है। आर्यना सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक ये कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं, जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची। उनसे पहले मार्टिना हिंगिस-2001, सेरेना विलियम्स-2003 और विक्टोरिया अजारेंका-2012 के फाइनल में पहुंची हैं।

### ये खिताब खासः सबालेंका

खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा कि, ये खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। ये सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं ये कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं। सबालेंका ने कहा मैं तीसरे सेट में सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने की कोशिश कर रही थी। मुझे बहुत खुशी है कि मैंने अपनी भावनाओं को अच्छी तरह से संभाला और शुरुआत से लेकर अंत तक अपना ध्यान केंद्रित रखा।

**राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका**

# एशियाई चैंपियनशिप: मजबूत शुरुआत पर भारत की नजरें

एजेंसी ▶▶ उलानबटोर (मंगोलिया)

भारतीय मुक्केबाज सोमवार से शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाकर साल के आखिर में होने वाले बहु खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैंपियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जोर्डन, थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है।



### भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी लवलीना

महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ), दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किलो ) , मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किलो ) और जैसमीन लंबोरिया (57 किलो ) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं निकहत, मीनाक्षी और जैसमीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी।

### भारतीय कोचिंग ढांचे में बदलाव

भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सीए कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं। भारतीय पुरुष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किलो) और सचिन सिवाच (60 किलो ) पर रहेगा।

### भारतीय टीम

महिला : मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो ), प्रीति पवार (54 किलो ), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरुंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो ), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो )। पुरुष : विश्वनाथ सुरेश (50 किलो), जादूमणि सिंह (55 किलो ), सचिन (60 किलो), आदित्य प्रताप यादव (65 किलो), दीपक (70 किलो), आकाश (75 किलो), अंकुश (80 किलो), लोकेश (85 किलो), हर्ष चौधरी (90 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो )।

# अमेरिका कर रहा बड़े जमीनी हमले की तैयारी, उधर ईरान ने कहा, हमारे सैनिक इंतजार में हैं, जलाकर राख कर देंगे

## स्पेशल फोर्स और इंफ्रेंट्री के जवान होंगे ऑपरेशन में शामिल

*अमेरिका और ईरान के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान में हुई बैठक भी कोई समाधान नहीं निकल पाई। कुल मिलाकर शांति की जगह ये जंग और भयंकर रूप ले रही है। अमेरिका जहां सैकड़ों मरीन, सैनिक और पोत भेजने की तैयारी कर रहा है वहीं ईरान की इसकी खबर लगते ही उसने साफ शब्दों में कह दिया कि आइए हमारे सैनिक उनका स्वागत करके नर्क भेजेंगे और जलाकर राख कर देंगे?*


मार्को रूबियो

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/तेहरान**

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग को लेकर यूएस की मीडिया ने बड़ा खुलासा किया है। यूएस मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि हजारों की संख्या में अमेरिकी सैनिक मिडिल ईस्ट पहुंच रहे हैं। यह युद्ध का एक नया और खतरनाक दौर बन सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग) ईरान में जमीनी हमले की तैयारी कर रहा है। यूएस अधिकारियों के हवाले दावा किया है कि कोई भी संभावित जमीनी ऑपरेशन पूरी तरह से हमला नहीं होगा। इसके बजाय, इसमें स्पेशल ऑपरेशन फोर्स और इंफ्रेंट्री के जवान शामिल होंगे। ऐसे मिशन में यूएस सैनिकों को कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है। इसमें ईरानी ड्रोन और मिसाइलें, आमने-सामने की जंग और आईईडी का हमला शामिल हैं। वहीं ट्रंप लगातार दोहरी बात कर रहे हैं।

कभी वह कहते हैं कि युद्ध अब खत्म होने वाला है, तो कभी वह इसे और बढ़ाने की धमकी देते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका बिना जमीनी सैनिकों के भी अपने सभी लक्ष्य हासिल कर सकता है, लेकिन रिपोर्ट में बताया कि इसके लिए काफी पहले से ही योजना बनाई जा रही है। एक अधिकारी ने कहा कि यह कोई आखिरी समय में की गई योजना नहीं है।विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी अम्फीबियस फोर्स समुद्र-आधारित हमलों और जमीनी अभियानों दोनों के लिए सक्षम है। पेंटागन ने पहले 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के पैराट्रूपर्स को भी मध्य पूर्व भेजने का आदेश दिया था, जो क्षेत्र में तनाव बढ़ने का संकेत है।

### ईरान का दावा 10 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक घायल हुए



मलबे में बदल गया अमेरिकी विमान

#### ईरानी मिसाइल ने तोड़ी यूएस एयरफोर्स की बैकबोन!

*सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिका की सैन्य क्षमताओं को बड़ा झटका दिया है। 27 मार्च को हुए इस हमले में अमेरिकी वायुसेना का बेहद अहम ई-3 सेंचुरी अवेकस विमान क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही हवा में ईंधन भरने वाले कई टैंकर विमान भी इस हमले की चपेट में आए। ईरान के दावे के मुताबिक उसके इस हमले में 10 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में ई-3सेंचुरी अवेकस विमान को भारी नुकसान पहुंचा दिख रहा है। हालांकि, अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने इस घटना पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग ने भी अपने एक्स हैंडल से हमले में बर्बाद हुए इस विमान की तस्वीरें पोस्ट की हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, हमले से पहले इस बेस पर करीब छह ई-3 सेंचुरी विमान तैनात थे।*

## दोनों की तस्वीरें जारी कर कहा लो इन्हें पहचान लीजिए

# ईरान ने स्कूल पर हमले के लिए यूएस के अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार


कमां. लीआर टेट,जेफरी ईयार्क

तेहरान वैसे तो इतिहास की किताबों में विवादों के न जाने कितने काले पन्ने दर्ज हैं, लेकिन पिछले दिनों ईरान के मीनाब शहर ने जो मंजर देखा, उसने इंसानियत को हमेशा-हमेशा के लिए शर्मसार कर दिया है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरानी शहर मीनाब के 'शजरे तैयबा' गर्ल्स स्कूल पर एक नहीं, दो नहीं, बल्कि लगातार तीन टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। इस भीषण हमले में 168 मासूम स्कूली बच्चियों के चीथड़े उड़ गए। पूरा स्कूल परिसर देखते ही देखते मलबे में तब्दील हो गया। हमले में 'ट्रिपल टैप' का इस्तेमाल किया गया।


### तेहरान में ब्लैक आउट

*ईरान के ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों के बाद ईरानी राजधानी तेहरान के कुछ हिस्सों और अल्बोर्ज प्रांत में बिजली काट दी गई है। सरकारी मीडिया ने बताया कि अल्बोर्ज प्रांत में बिजली ग्रिड के एक हिस्से पर छर्रे लगे, जिसके कारण तेहरान के कई इलाकों और करज शहर में बिजली चली गई; बिजली बहाली पर काम जारी है।*

- *पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि पाक जल्द अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी करेगा।*
- *इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिणी लेबनान में बफर जोन को और बढ़ाने का आदेश दिया है।*
- *इजराइल ने पहली बार चर्च ऑफ द होली सेपल्चर में पाम संडे पर प्रेयर से रोका*
- *इजराइल दक्षिणी लेबनान पर हमलों का दायरा बढ़ाएगा: पीएम बेंजामिन नेतन्याहू*

## अमेरिकी सैनिकों को नर्क में भेजकर दम लेंगे हमारे सैनिकः ईरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच महीनेभर से मिडिल ईस्ट में जंग छिड़ी हुई है। दोनों देशों ने मिलकर ईरान पर कई हमले किए हैं, जिस पर तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करके पलटवार किया है। अब अमेरिका ईरान में जमीनी सैनिकों को उतारने की तैयारी कर रहा है। उसने मिडिल ईस्ट में हजारों अमेरिकी सैनिकों को भेज भी दिया है। अटकलें लग रही हैं कि अमेरिकी सैनिक ईरान के लिए सबसे महत्वपूर्ण खर्ग द्वीप पर कब्जा जमाने के लिए जाएंगे। इस बीच, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा हैकि अगर ईरान की सेनाएं जमीन पर अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रही हैं, ताकि उन्हें जलाकर राख कर सकें और उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सजा दे सकें। उन्होंने कहा कि हमारी गोलाबारी जारी है। हमारी मिसाइलें अपनी जगह पर तैनात हैं। हमारा संकल्प और विश्वास और बढ़ गया है। ईरान के आधिकारिक मीडिया के अनुसार, उन्होंने अमेरिका को जमीनी हमले के खिलाफ चेतावनी दी, और धमकी दी कि अगर अमेरिकी सेना ईरानी जमीन पर उतरी, तो इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैनिकों और उनके सहयोगियों के खिलाफ कड़ा जवाबी हमला किया जाएगा। उन्होंने अमेरिका की 15 सूत्रीय योजना को, जिसे पाक ने पिछले हफ्ते ईरान को सौंपा था उनकी इच्छाएं बताया, और कहा कि ट्रंप प्रशासन इस योजना के ज़रिए वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है।


ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर

### 3500 मरीन पहुंच गए मध्य पूर्व क्षेत्र में

*यूएस सेंट्रल कमांड ने घोषणा की कि लगभग 3,500 मरीनों की एक टास्क फोर्स मध्य पूर्व पहुंच गई है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यूएस सैलर्स और मरीन्स यूएसएस ट्रिपोली (एलएचए 7) पर सवार होकर 27 मार्च को यूएस सेंट्रल कमांड क्षेत्र में पहुंचे।*

### सीधी भिड़ंत से दुनिया में मची खलबली

*अमेरिका-क्लास एम्फीबियस असेल्ट शिप ट्रिपोली ट्रिपोली एम्फीबियस रेडी ग्रुप/ 31वीं मरीन एक्सपीडिशनरी यूनिट (एमईयू) का फ्लैगशिप है। इसमें परिवहन और स्ट्राइक फाइटर एयरक्राफ्ट, एम्फीबियस असेल्ट और टैक्टिकल एसेट्स शामिल हैं। यह यूनिट तेजी से तैनाती, सामरिक स्थानों को सुरक्षित करने, निकासी या तटीय लक्ष्यों पर हमलों के लिए जानी जाती है।*

### ट्रंप ने प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पर की अश्लील टिप्पणी, वीडियो वायरल

*वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के लिए 'हल्की' भाषा का इस्तेमाल किया है। ट्रंप का मियामी में हुए 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव' में बोलते हुए वीडियो सामने आया है। इसमें वह कह रहे हैं कि मोहम्मद बिन सलमान को शायद लगता होगा कि उनको मेरी चापलूसी नहीं करनी पड़ेगी लेकिन अब वह मेरे लिए काफी सम्मान दिखाते हैं। इसी दौरान वह गाली जैसे शब्द का इस्तेमाल करते देखे गए। ट्रंप की भाषा ने इसलिए चौंकाया है क्योंकि सऊदी अरब और अमेरिका बेहद करीबी सहयोगी हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में ट्रंप कह रहे हैं, 'उसको (मोहम्मद बिन सलमान) नहीं लगा था कि उसे मेरी चापलूसी करनी पड़ेगी। हालांकि अब उसे मेरे साथ अच्छा बर्ताव करना पड़ रहा है और उनको यह करना ही होगा। यह सऊदी अरब का वॉशिंगटन के लिए नजरिए में बदलाव दिखाताहै। अमेरिका का प्रभाव अब और मजबूत हो गया है।'*




# दस साल में 10 हजार से ज्यादा माओवादियों का आत्मसमर्पण, अर्बन नक्सल पर भी नकेल

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत में नक्सलवाद अब अपने अंत की ओर है। पिछले 10 साल में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने हथियार डाल दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों के दबाव और सरकार की पुनर्वास नीतियों ने इस उग्रवाद को करारा झटका दिया है। केंद्र सरकार ने देश से नक्सलवाद खत्म करने के लिए 31 मार्च की समयसीमा तय की थी। आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में 2,300 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। वहीं, 2026 के पहले तीन महीनों में ही 630 से ज्यादा कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया। सरकार ने अब पुरानी और बिखरी हुई नीतियों की जगह एक मजबूत और एकजुट रणनीति अपनाई है। पहले लाल गलियारे (बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश) में ठेकेदार काम करने से डरते थे। अब केंद्र सरकार ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को मुख्य इलाकों में सड़कें बनाने का काम दिया। इसमें विद्रोह के इन गढ़ों में पांच मुख्य सड़कों और छह ज़रूरी पुलों का निर्माण शामिल था। माओवादी से प्रभावित इलाकों में 15,000 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, जिनमें से 12,250 किलोमीटर सड़कें अकेले पिछले 10 वर्षों में पूरी की गई हैं।




### सुरक्षा के मोर्चे पर बड़े बदलाव

सुरक्षा के मोर्चे पर भी बड़े बदलाव हुए हैं। साल 2014 में केवल 66 मजबूत पुलिस स्टेशन थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 586 हो गई है। पिछले 6 साल में 361 नए सुरक्षा कैंप बने हैं। ऑपरेशन की ताकत बढ़ाने के लिए 68 नाइट-लैंडिंग हेलीपैड भी बनाए गए हैं। इसका असर यह हुआ कि नक्सली घटनाओं वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या 330 से घटकर सिर्फ 52 रह गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार माओवादी आंदोलन बिना किसी बड़े नेता के रह गया है।

## पीएम मोदी को फोन किया और मिल गया तेल

# 38 हजार मीट्रिक टन तेल भारत ने श्रीलंका भेजा, राष्ट्रपति ने कहा-शुक्रिया

**एजेंसी ▶▶ कोलंबो**

ईरान युद्ध के बाद पैदा हुए उर्जा संकट के बीच तेल भेजने के लिए श्रीलंका ने भारत का धन्यवाद किया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत ने 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम सप्लाई भेजकर हमें मुश्किल से निकाला, जिसके लिए हम आभारी हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को बताया कि उनकी इस मुद्दे पर भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी से बात हुई थी। इसके कुछ ही दिन में भारत से मदद आ गई है। अनुरा कुमारा दिसानायके ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि कुछ दिन पहले मैंने पीएम नरेंद्र मोदी से बात की थी।


फाइल फोटो

### भारत ने श्रीलंका को भेजी मदद

*भारत ने श्रीलंका को 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम की आपूर्ति की है। इसमें 20,000 एमटी डीजल और 18,000 एमटी पेट्रोल है, जो शनिवार को कोलंबो पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच फोन कॉल के बाद हुआ है। ऐसे में श्रीलंका के नेता लगातार दिल्ली को शुक्रिया कह रहे हैं।*

### नेपाल में भूकंप आया होई हताहत नहीं

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। स्थानीय समयानुसार रात करीब 11.35 बजे आए भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक के नुलथला खारका क्षेत्र के पास स्थित था।



### नेपाल में पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक गिरफ्तार

**काठमांडू।** पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी के बाद अब नेपाली कांग्रेस के नेता एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआइबी) के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ के अनुसार, यह कार्रवाई 'मनी लॉन्ड्रिंग जांच विभाग' के अनुरोध पर की गई है।



## पानीपत के एक व्यक्ति की जम्मू पुलिस की हिरासत में मौत

**जम्मू (भाषा)।** नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने और जबरन वसूली में लिप्त गिरोह से जुड़े मामले में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में शामिल हरियाणा निवासी एक व्यक्ति की रविवार को पुलिस थाने में कथित तौर पर पेट में तेज दर्द के बाद मौत हो गई। पुलिस ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को पांच लोगों को गिरफ्तार करके नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने और जबरन वसूली में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया था। पुलिस ने कोलकाता के एक होटल में बंधक बनाकर रखे गए दो पीड़ितों को बचाने के साथ 34 लाख रुपये बरामद किए थे। जम्मू (दक्षिण) के पुलिस अधीक्षक अजय शर्मा ने बताया कि गिरोह भोले-भाले युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने का लालच देकर उन्हें बंधक बना लेता था और उनके परिवारों से जबरन वसूली करता था। हरियाणा के पानीपत निवासी परवीन कुमार को जम्मू के गांधीनगर पुलिस थाने में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

- **नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने और जबरन वसूली में संलिप्त था**




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28